ग्वालियर जल्द बनेगा धार्मिक शिक्षा और पर्यटन का वैश्विक केंद्र

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 22 फरवरी. ग्वालियर-चंबल की ऐतिहासिक और धार्मिक धरा जल्द ही वैश्विक धार्मिक पर्यटन और सनातन शिक्षा के एक बड़े केंद्र के रूप में उभरने वाली है। शहर की प्रतिष्ठित

हनुमान जन्मोत्सव पर संकल्प के साथ शुरू होगा भव्य प्रकल्प, नि:शुल्क शिक्षा, सेवा और सहायता केंद्र जुलाई सत्र से होगा शुरू

सामाजिक संस्था श्री रामराजेश्वरी सेवा संस्थान समिति ने ग्वालियर-चंबल संभाग में एक वृहद सनातनी शैक्षणिक संस्थान और सांस्कृतिक केंद्र स्थापित करने का संकल्प लिया है। इसकी शुरुआत एक नि:शुल्क शिक्षा, सेवा और सहायता केंद्र से शुरू कर की जाएगी।

संस्था की उपाध्यक्ष सरला देवी,दिल्ली ने बताया कि परम महात्यागी बाबा आश्रम के प्रमुख महंत वर्तमान महात्यागी बाबा घनश्याम दास जी महाराज के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से इस पुनीत कार्य की नींव रखी जा रही है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी जुलाई सत्र से ग्वालियर में सनातन धार्मिक शिक्षा का नि:शुल्क केंद्र शुरू किया जाएगा।

बेरोजगार युवाओं को महिला सशक्तिकरण और निशुल्क बाल शिक्षा

संस्था ने समाज के अंतिम छोर पर खड़े परिवारों के लिए भी विशेष योजना तैयार की है। अध्यक्ष मॉ राजेशवरी देवी ने बताया कि ?इस केंद्र पर आदर्श आसरा स्वावलंबन योजना के तहत 100 विधवा, असहाय और परित्यक्त महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई-कढ़ाई और ब्यूटी पार्लर का नि :शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। आदर्श आसरा ?प्राथमिक शिक्षा योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों (ननिहालों) को नि :शुल्क प्राथमिक शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा आदर्श आसरा सेवा योजना के तहत एक ई रिक्शा संचालित किया जाएगा जो कि शहर में रह रहे अकेले बीमार वृद्ध जनों को अस्पताल या अन्य जरूरी जगह पर लेकर आने जाने का निशुल्क कार्य करेगा। संस्था के द्वारा संचालित इस केंद्र में कार्य करने वाले सभी वॉलिंटियर्स को मानदेय दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह समस्त कार्य शहर के प्रबुद्ध दानदाताओं के सहयोग से संचालित किए जाएंगे।

मिलेगा सम्मान और आजीविका- इस केंद्र में युवाओं को यज्ञ, पूजा-पाठ, ज्योतिष और कथा वाचन का सर्टिफिकेट कोर्स नि:शुल्क कराया जाएगा। उपाध्यक्ष ने कहा, 'हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बेरोजगार युवाओं को कुशल बनाकर उन्हें धर्म के प्रचार-प्रसार से जोड़ना है, ताकि वे सम्मान के साथ अपनी आजीविका चला सकें।'

इनका कहना हैं...

इस उद्देश्य के साथ जुड़कर मुझे अपार खुशी प्राप्त हो रही है संस्था ने जो सनातन धार्मिक शिक्षा के साथ सेवा भाव का जो संकल्प लिया है उसमें हमारा आश्रम शुरुआती केंद्र के लिए जगह प्रदान करेगा वल्कि अगले बडें मिशन में भी मेरा आशीर्वाद उनके साथ हैं। **महा त्यागी घनश्याम दास महाराज, महंत एवं संचालक त्यागी बाबा आश्रम मुरार**

प्रदेश की पहली 'सनातन फिल्म सिटी' और विश्व की सबसे ऊंची हनुमान प्रतिमा का लक्ष्य

संस्था का मुख्य लक्ष्य ग्वालियर में 251 फीट ऊंची भगवान हनुमान की प्रतिमा और एक भव्य सनातन विश्वविद्यालय की स्थापना करना है। इस बड़े प्रोजेक्ट हेतु भूमि आवंटन और प्रशासनिक सहयोग के लिए संस्था जल्द ही क्षेत्र के प्रमुख संतों, महात्माओं और जनप्रतिनिधियों (केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं नरेंद्र सिंह तोमर) से मुलाकात कर समर्थन जुटाएगी। और प्रपोजल तैयार कर मुख्यमंत्री को देगी।

चित्रगुप्त धाम में गूँजे जयकारे

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 22 फरवरी. शहर के दौलतगंज स्थित चित्रगुप्त धाम सर्व देव मंदिर में रविवार को भगवान चित्रगुप्त एवं समस्त देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा

धूमधाम से मनाई गई प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ

की द्वितीय वर्षगांठ श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सामाजिक एकजुटता का अनूठा संगम देखने को मिला। दोपहर से ही मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ, चित्रगुप्त चालीसा और हनुमान चालीसा के स्वर गूँजते रहे। शाम को विशेष महाआरती

के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पूर्व जीडीए अध्यक्ष अभय चौधरी ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त न्यायप्रिय देव हैं, जो मनुष्य के पाप-पुण्य का लेखा-जोखा रखते हैं। उनकी भक्ति से संकट मिटते हैं और सद्बुद्धि आती है।

मंदिर समिति ने एक नई पहल करते हुए फरवरी माह में जन्म लेने वाले और वैवाहिक वर्षगांठ वाले कायस्थ बंधुओं का पुष्प वर्षा कर विशेष सम्मान किया। सचिव अरुण कुलश्रेष्ठ ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य कायस्थ समाज में पारिवारिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूती देना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक और परिवार शामिल हुए, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया।

परचून की दुकान की आड़ में चल रहा था अवैध शराब का खेल, उटीला पुलिस ने दो को दबोचा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 22 फरवरी. ग्राम बंधा में एक परचून की दुकान पर छापा मारकर भारी मात्रा में पुलिस ने अवैध देशी शराब जप्त की है। मुखबिर की सटीक सूचना पर भूरा यादव के ईंट भट्टे के पास स्थित परचून की दुकान, ग्राम बंधा पर दबिश दी। पुलिस टीम ने जब दुकान की घेराबंदी की, तो आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, जिन्हें तत्परता से पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान दुकान के अंदर से 6 कार्टून और एक प्लास्टिक थैले में छिपाकर रखी गई 322 क्वार्टर देशी मदिरा प्लेन करीब 58 लीटर जिसकी अनुमानित कीमत 25,760 रुपये बताई गई है बरामद हुई।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर दिनेश अहिरवार (60 वर्ष), निवासी निवाड़ी, अरुण यादव (20 वर्ष), निवासी भिंड को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से शराब के स्रोत (सप्लाई चेन) के बारे में पूछताछ कर रही है।

मेले में संभाग-स्तरीय बॉडी बिल्डिंग एंड मेंस फिजिक चैंपियनशिप आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 22 फरवरी. माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण एवं ग्वालियर डिस्ट्रिक बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में संभाग-स्तरीय बॉडी बिल्डिंग एंड मेंस फिजिक चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। मेले में आयोजित संभाग-स्तरीय बॉडी बिल्डिंग एंड मेंस फिजिक चैंपियनशिप में शरीर साधकों ने अपनी मांसपेशियों का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सम्पूर्ण ग्वालियर-चम्बल अंचल के 100 से अधिक शरीर साधक (बॉडी बिल्डर्स) ने भाग लिया।

मेले में संभाग-स्तरीय बॉडी बिल्डिंग एंड मेंस फिजिक चैंपियनशिप प्रतियोगिता में बॉडी बिल्डरों ने संगीत की धुन पर अपनी बॉडी का प्रदर्शन दिया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में रेहान शेख एवं फैजान शेख, अभिषेक रोमर, नमित सक्सेना, अंकित तोमर रहे, जिन्होंने सर्वसम्मति से विजेता-उपविजेता की घोषणा की।

चैंपियन ऑफ़ चैंपियन (बॉडी बिल्डिंग) का ख़िताब ओम बरेटा ने अपने नाम किया। वहीं द्वितीय स्थान अभिषेक गोयल ने एवं तृतीय स्थान शुभम आर्य ने प्राप्त किया । चैंपियन ऑफ़ चैंपियन (मेंस फिजिक केटेगरी) में प्रथम स्थान शुभम आर्य ने प्राप्त किया। साथ ही द्वितीय स्थान स्वयं राजावत व तृतीय स्थान हर्ष भदौरिया ने प्राप्त किया ।

इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री शिववीर सिंह भदौरिया, श्री सलमान पठान, वरिष्ठ समाजसेवी श्री राजेंद्र सिंह नाती, श्री श्याम सिंह चौहान, वरिष्ठ समाजसेवी श्री आशुतोष माहेश्वरी,मेला आयोजन प्रभारी श्री शिशिर श्रीवास्तव, जनभागीदारी अध्यक्ष श्री रामअवतार बैस, पार्षद शिवसिंह यादव, पूर्व कार्यपरिषद् सदस्य श्री विवेक भदौरिया, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी राजीव साहू, समाजसेवी अरविंद भदौरिया ने उपस्थित होकर विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर अपनी शुभकामना प्रेषित कीं।

17 मार्च को पेंशनर देंगे धरना चाहिए 3 फीसदी डी आर

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 22 फरवरी. भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ मध्य प्रदेश एवं पेंशनर एसोसिएशन एक मंच एक आवाज मध्य प्रदेश की कार्यकारिणी की बैठक आर एस तरेटिया राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रांताध्यक्ष मध्य प्रदेश भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जुलाई 25 से लंबित 3 फीसदी डीआर को लेकर हुई चर्चा में पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार जानबूझकर पेंशनर को परेशान कर रही हे और 3 फीसदी डीआर लंबित रखा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में बंगाल के केस में स्पष्ट आदेश दिया है कि डीआर भीख नहीं है इसे रोका नहीं जा सकता। ये पेंशनर का अधिकार और सम्मानजनक जीवनयापन का साधन है। सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सरकार की दमनकारी नीति के विरुद्ध 17 मार्च को आकाशवाणी तिराहे पर 1 बजे से धरना दिया जाएगा। धरने में पेंशनर्स एवं कर्मचारियों के अन्य संगठनों को भी शामिल किया जाएगा। बैठक में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की राष्ट्रीय स्मारिका के प्रकाशन पर भी चर्चा हुई ।

बैठक में गीता भारद्वाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीआरपीएमएस एवं प्रांताध्यक्ष पेंशनर एसोसिएशन एक मंच एक आवाज मध्य प्रदेश , आर पी कोरी राष्ट्रीय सचिव बीआरपीएमएस एवं प्रांतीय महासचिव, के एन श्रीवास्तव, आर के एस तोमर, श्रीराम शाक्यवार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

श्री गोविंद परोपकार सेवा समिति ने दी प्रतिभाओं को नई उड़ान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 22 फरवरी. नारायण विहार कॉलोनी स्थित विद्या भारती स्कूल में श्री गोविंद परोपकार सेवा समिति ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने मोहा मन

का मुख्य उद्देश्य न केवल बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को मंच प्रदान करना था, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और सांस्कृतिक मूल्यों का संचार करना भी रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ हुई। संस्था अध्यक्ष कोमल बाथम एवं कोषाध्यक्ष बालकिशन बाथम ने अतिथियों का

स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा (शहीद फाउंडेशन) और विशिष्ट अतिथि ज्योति अग्रवाल व एडवोकेट डी.के. द्विवेदी रहे।

शिक्षा के साथ संस्कारों का संगम

समारोह के दौरान बच्चों ने नृत्य, समूहगान, नाटक और देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और कला का समन्वय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनिवार्य है। ऐसे मंच बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सम्मान और प्रोत्साहन

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुनीता बाथम, किरण कुशवाह, आशु मांझी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरा परिसर बच्चों की ऊर्जा और तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा।

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यादव के 6 माह के कार्यकाल पर हुआ स्वागत

ग्वालियर 22 फरवरी। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव के कार्यकाल के सफलतापूर्वक 6 माह पूर्ण होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका हार-फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर कांग्रेसजनों ने संगठन की मजबूती और जनहित के मुद्दों पर लगातार सक्रिय नेतृत्व के लिए जिला अध्यक्ष का अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महामंत्री डॉ. सौरभ सिंह ने अपने साथियों प्रशांत उपाध्याय एवं अंशु गुप्ता के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। सुरेन्द्र यादव ने कांग्रेस का दुपट्टा पहनाकर उन्हें सदस्यता दिलाई। इस दौरान सुरेंद्र यादव ने कहा कि मैंने जनता के हितों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाया है।

DECLARATION NAME CHANGE NOTICE

I, **Anar Singh,** S/o **Banawari,** resident of Bara, Morena, Madhya Pradesh, have changed my name from **Anar** to **Anar Singh**. I have also corrected my father's name from **Banvari** to **Banawari.** Henceforth, I shall be known as Anar Singh for all purposes.

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोबिना बदरी पत्नी श्री कलीमुद्दीन बदरी, उम्र:- 54 वर्ष, जाति: बोहरा, व्यवसाय: ग्रहणी, निवासी: बोहरा मोहल्ला, बोहरा मस्जिद के पास, वार्ड क्रमांक-4, श्योपुर, जिला श्योपुर म.प्र. आधार नंबर:- 6470 7286 7423

मैं शपथ पूर्वक सत्य कथन करती हूँ कि, मुझ शपथकर्ता का नाम आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पेन कार्ड, तथा अन्य शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम मोबिना बदरी (MOBINA BADRI W/O KALIMUDDIN BADRI) लिखा हुआ हैं। जो सही है।

- यह कि मैं पूर्व में अपना नाम सिर्फमोबिना (MOBINA) लिखा करती थी, लेकिन मेरा पूरा नाम मोबिना बदरी (MOBINA BADRI) है। उक्त दोनों नाम की मैं एक ही महिला हूं। मुझे दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता है।

- यह कि नाम के संबंध में भविष्य में किसी प्रकार की आपत्ति है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मुझ शपथकर्ता की होगी।

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 18, वार्ड क्रं 49, स्थान शारदा अपार्टमेंट,हारकोटासीर ग्वा0 मे स्थित है जो कि अशोक कुकरेजा/स्व. चुन्नीलाल कुकरेजा के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 9000185856 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 560 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602022ए1310358 दिनांक 25.03.2022 द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गोरखी पानी की टंकी,क्षे.क्र 18, पर दिनांक 13.02.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 83/2010/18595/40894 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता

सुषमा वाटवानी/महेश कुमार वाटवानी, महेश कुमार वाटवानी/रतनमल वाटवानी
पता-हारकोटासीर ग्वा0(म.प्र.)
मो0-7240942996
विज्ञप्ति जारी दिनांक-22.02.2026

सतीश मेमोरियल ने वृद्धजनों को वितरित की छड़ियां

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 22 फरवरी. शिंदे की छावनी रामबाग कालोनी में सतीश मेमोरियल शिक्षा समिति के तत्वाधान में वरिष्ठ समाजसेवी एवं आर टी आई ऐक्टिविस्ट अनूप जौहरी के सौजन्य से विना सहारे चलने फिरने में परेशान वृद्ध जनों को छड़ी वितरित की गई। आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप कश्यप एवं महिला थाने की काउंसलर अर्चना शर्मा विशेष अतिथि, अंश कोलेज के डायरेक्टर अभिनव जेन, सतीश मेमोरियल शिक्षा समिति की संचालक श्रीमती आशा मगोन थीं ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ प्रदीप कश्यप ने वरिष्ठ समाजसेवी अनूप जौहरी की प्रशंसा करते हूऐ कहा कि जौहरी निस्वार्थ भाव से दिव्यांग, वृद्ध, विधवा एवं परित्यागता निराश्रितों ही नहीं हर आम कमजोर व्यक्ति के लिए तत्पर रहकर सेवा करने के साथ साथ इन निराश्रितों के हक की आवाज उठाते रहते हैं, सभी को अपने

कार्यों से प्रभावित करने का अग्रणीय कार्य निरंतर करते आ रहे हैं। इतना ही नहीं हर कमजोर वर्ग की सेवा करने का एक मार्ग दिखाने का कार्य काफी बरसों से करते चले आ रहे हे । जौहरी इनके लिए एक मसीहा बन चुके हे। इसी क्रम में जौहरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सतीश मेमोरियल शिक्षा समिति की संचालक श्रीमती आशा मगोन द्वारा निस्वार्थ भाव से काफी समय से समाजिक सेवा के क्षेत्र में अग्रणीय कार्य निरंतर किया जाते रहे हे । इस मौके पर मनोज भिलवार, राजेन्द्र मिश्रा , बंटी श्रीवास, घनश्याम माहोर , हेमंत कुशवाहा सोनू यादव आदि उपस्थित थे।

भोपाल में कांग्रेस की रैली 24 को, पूर्व मंत्री भगवान सिंह ने की रैली को सफल बनाने की अपील

ग्वालियर 22 फरवरी. भारत-अमेरिका समझौता के खिलाफ कांगेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भोपाल स्थित जवाहर चैक पर रैली को सम्बोधित करेंगे। पूर्व विधायक मंडल के उपाध्यक्ष तथा म.प्र. कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भगवान सिंह यादव ने प्रदेश के सभी कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के साथियों, किसानों, युवक कांगेस, भारतीस राष्ट्रीय छात्र संगठन, सेवादल, महिला कांग्रेस, सभी पूर्व कांग्रेस विधायकों तथा प्रदेश कांग्रेस के सभी संगठन प्रकोष्ठ के सभी साथियों से रैली को सफल बनाने का आग्रह किया है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कलीमुद्दीन बदरी पुत्री श्री मुल्ला अबदे अली, उम्र:- 59 वर्ष, जाति: बोहरा, व्यवसाय: दुकानदारी, निवासी: बोहरा मोहल्ला, बोहरा मस्जिद के पास, वार्ड क्रमांक-4, श्योपुर, जिला श्योपुर म.प्र. आधार नंबर:- 2565 4244 5085

मैं शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि, मुझ शपथकर्ता का नाम आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पेन कार्ड, तथा अन्य शासकीय दस्तावेजो में मेरा नाम कलीमुद्दीन बदरी (KALIMUDDIN BADRI S/O MULLA ABDE ALI) लिखा हुआ हैं। जो सही है।

- यह कि मैं पूर्व में अपना नाम सिर्फ कलीमुद्दीन (KALIMUDDIN) लिखा करता था, लेकिन मेरा पूरा नाम कलीमुद्दीन बदरी (KALIMUDDIN BADRI) है। उक्त दोनों नाम का मैं एक ही व्यक्ति हूं। मुझे दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता है।

- यह कि नाम के संबंध में भविष्य में किसी प्रकार की आपत्ति है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मुझ शपथकर्ता की होगी।

CHANGE OF NAME

I, **Bantee Jatav** S/o **Haricharan Jatav** R/o Sheel Nagar, Bahodapur, Gird, Po: S.P. Ashram, Dist: Gwalior, Madhya Pradesh- 474012, have changed the name of my minor son **Imraj jatav,** Aged 15 Years and he shall here after be known as **YUVRAJ DHANOLIYA.** It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection. Vide Affidavit No. BX 980727 Dated 21/02/2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक आवासीय भू-खण्ड जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट है, जो सर्वे क्रमांक 484 राजस्व ग्राम बडफरा पटवारी हल्का क्रमांक 14 का भाग होकर ग्राम बडफरा, तहसील अम्बाह, जिला मुरैना, म.प्र. में स्थित है जिसकी चतुंसीमा निम्न है :- पूर्व में-विक्रेता की भूमि, पश्चिम में-विक्रेता की भूमि, उत्तर में-श्याम महौर का मकान, दक्षिण में-आम रास्ता स्थित है, उक्त संपत्ति को आवेदक श्री आकाश शर्मा पुत्र श्री रामकिशोर शर्मा निवासी ग्राम भौनपुरा, तहसील अम्बाह, जिला मुरैना, म.प्र. ने सम्पत्ति स्वामी श्री अशोक कुमार पुत्र श्री गुलजारी लाल निवासी वार्ड क्रमांक 01, अम्बाह, तहसील अम्बाह, जिला मुरैना, म.प्र. से जरिये पंजीकृत विक्रय-पत्र ई-पंजीयन क्रमांक MP25802017 A1640502 से दिनांक 16/11/2017 को क्रयकर मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, फर्स्ट फ्लोर, अलकनंदा, टावर 02, आदित्य कॉलेज के सामने, सिटी सेन्टर ग्वालियर (म.प्र.) के यहां आवास ऋण के विरूद्ध बंधक करने हेतु सहमत होकर आवेदन किया है। यह कि, सर्वे क्रमांक 484 क्षेत्रफल 0.575 हेक्टेयर को विक्रेता अन्य सह-स्वामियों के साथ संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्यधारी के रूप में धारण करता था तथा उसके द्वारा अपने भाग की भूमि से उक्त विक्रय-पत्र का निष्पादन आवेदक के पक्ष में किया गया। यह कि, यदि किसी सहस्वामी, व्यक्ति / व्यक्तियों को उक्त संपत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी प्रकार की कोई या कैसी भी आपत्ति किसी भी माध्यम अर्थात बिक्रय, विनमय, बंधक (साम्यिक / रजिस्टर्ड बंधक या अन्यथा बंधक) न्यास, उत्तराधिकार, पारिवारिक व्यवस्थापन, भरणपोषण, विल द्वारा हस्तांतरण, भागीदारी, आधिपत्य, पट्टा, उप पट्टा, किरायेदारी, लायसेंस, भार, गिरवी, सुखाधिकारी या अन्य किसी प्रकार का अधिकार होने का दावा या आपत्ति करता हो तो वह मेरे नीचे लिखे नाम व पते पर मय दस्तावेजी प्रमाण के लिखित रुप में नोटिस प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार के यहां बंधक कर ली जावेगी। उसके उपरांत कोई भी आपत्ति कतई स्वीकार योग्य न होकर निर्थक अर्थहीन, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर कतई बंधनकारी नहीं होगी तद्नुसार सूचित हो।

दिनांक : 22/02/2025 .

पुष्पेन्द्र कुमार अग्रवाल (एडवोकेट)
कार्यालय -44, कैलाश विहार, सिटी सेंटर, ग्वालियर,जिला ग्वालियर (म.प्र.),
कार्या. समय : प्रात : 11.00 से सायं 05.00 तक

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक आवासीय भू-खण्ड जिसका क्षेत्रफल 1450 वर्गफीट है, जो सर्वे क्रमांक 1431 राजस्व ग्राम मेहगांव पटवारी हल्का क्रमांक 57 का भाग होकर वार्ड क्रमांक 07, ग्राम मेहगांव, तहसील मेहगांव, जिला भिण्ड, म.प्र. में स्थित है जिसकी चर्तुसीमा निम्न है :- पूर्व में-आम रास्ता, पश्चिम में-सेमार वालों की भूमि, उत्तर में - रामौतार की भूमि, दक्षिण में-राजेन्द्र का मकान स्थित है, उक्त संपत्ति को आवेदिका श्रीमती ज्ञानश्री पत्नी श्री ओमप्रकाश ब्राह्मण निवासी ग्राम कोहर, तहसील मेहगांव, जिला भिण्ड, म.प्र. ने सम्पत्ति स्वामी श्री अवधेश कुमार पुत्र श्री माताप्रसाद स्वंय एवं बहैसियत संरक्षक अवयस्क श्री अरविन्द कुमार, सतीश कुमार पुत्रगण श्री माताप्रसाद बाह्मण निवासीगण ग्राम मेहगांव, तहसील मेहगांव, जिला भिण्ड, म.प्र. से जरिये पंजीकृत विक्रय-पत्र ग्रंथ क्रमांक 2876, दस्तावेज क्रमांक 360 से दिनांक 06/06/2008 को क्रयकर मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, फर्स्ट फ्लोर, अलकनंदा, टावर 02, आदित्य कॉलेज के सामने, सिटी सेन्टर ग्वालियर (म.प्र.) के यहां आवास ऋण के विरूद्ध बंधक करने हेतु सहमत होकर आवेदन किया है। यह कि, यदि किसी सहस्वामी, व्यक्ति/व्यक्तियों को उक्त संपत्ति या उसके किसी भाग के संबंध में किसी प्रकार की कोई या कैसी भी आपत्ति किसी भी माध्यम अर्थात बिक्रय, विनमय, बंधक (साम्यिक / रजिस्टर्ड बंधक या अन्यथा बंधक) न्यास, उत्तराधिकार, पारिवारिक व्यवस्थापन, भरणपोषण, विल द्वारा हस्तांतरण, भागीदारी, आधिपत्य, पट्टा, उप पट्टा, किरायेदारी, लायसेंस, भार, गिरवी, सुखाधिकारी या अन्य किसी प्रकार का अधिकार होने का दावा या आपत्ति करता हो तो वह मेरे नीचे लिखे नाम व पते पर मय दस्तावेजी प्रमाण के लिखित रुप में नोटिस प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार के यहां बंधक कर ली जावेगी। उसके उपरांत कोई भी आपत्ति कतई स्वीकार योग्य न होकर निर्थक अर्थहीन, त्याग दी गई समझी जाकर शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर कतई बंधनकारी नहीं होगी तद्नुसार सूचित हो।

दिनांक : 22/02/2025 .

पुष्पेन्द्र कुमार अग्रवाल (एडवोकेट)
कार्यालय -44, कैलाश विहार, सिटी सेंटर, ग्वालियर,जिला ग्वालियर (म.प्र.),
कार्या. समय : प्रात : 11.00 से सायं 05.00 तक

जांच अधिकारी का कार्यालय दूरसंचार विभाग संचार मंत्रालय, नई दिल्ली

नोटिस

जबकि, केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के नियम 14 के तहत, सीसीएस (पेंशन) नियम, 2021 के नियम 8 के तहत सेवानिवृति के बाद श्री पवन कुमार जैन (कर्मचारी संख्या 8619), तत्कालीन पीजीएम (ईबी), एमपी टेलीकॉम सर्कल, बीएसएनएल भोपाल (वर्तमान में डीजीटी, मुंबई एलएसए के रूप में सेवानिवृत्त), के खिलाफ जांच की जा रही है और अधोहस्ताक्षरी को दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश दिनांक 20.11.2025 द्वारा जांच अधिकारी (आईओ) नियुक्त किया गया है।

जबकि, प्रारंभिक सुनवाई (पीएच) दिनांक 26.12.2025, 15.01.2026 और 02.02.2026 को होनी थी परंतु आरोपित अधिकारी श्री पवन कुमार जैन बिना किसी पूर्व सूचना या छुट्टी की अनुमति के इसमें शामिल नहीं हुए। इसके अलावा आरोपित अधिकारी श्री पवन कुमार जैन समय-समय पर जांच अधिकारी द्वारा विभिन्न माध्यमों (अर्थात स्पीड पोस्ट, स्पेशल मैसेंजर, ईमेल और व्हाट्सएप) से भेजे गए सभी पत्रों को प्राप्त करने में असहयोग कर रहे हैं।

जबकि, जांच अधिकारी दिनांक 10.03.2026 (मंगलवार) से अभियोजन पक्ष के गवाहों (पीडब्ल्यूएस) के बयान के लिए नियमित सुनवाई (आरएच) शुरू करेंगे। आरोपित अधिकारी को एतद् द्वारा सलाह दी जाती है कि वह अर्ध-न्यायिक प्रक्रिया के नियमों और प्रक्रियाओं का सम्मान करे और उनका पालन करे और जांच में भाग ले।

नैसर्गिक न्याय के हित में, आरोपित अधिकारी को उक्त कार्यवाही में भाग लेने और दिनांक 10.03.2026 से आगे निर्धारित नियमित सुनवाई में भाग लेने और अभियोजन पक्ष के गवाहों (पीडब्ल्यूएस) से जिरह करने और बचाव के लिए अपना केस पेश करने का आखिरी मौका दिया जाता है ऐसा नहीं करने पर अधोहस्ताक्षरी, अर्थात जांच अधिकारी एकतरफा विभागीय जांच कार्यवाही करने को बाध्य होगा। यह सुनवाई दिनांक 10.03.2026 (मंगलवार) को 10.30 बजे (पूर्वाहन), कमरा सं. 09, ग्राउंड फ्लोर, दूरदर्शन भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)- 462027 में होगी।

नैसर्गिक न्याय के हित में और आरोपित अधिकारी श्री पवन कुमार जैन की सूचना के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया गया है क्योंकि वह समय-समय पर विभिन्न माध्यमों (अर्थात स्पीड पोस्ट, स्पेशल मैसेंजर, ईमेल और व्हाट्सएप) से भेजे गए सभी पत्रों को प्राप्त करने में असहयोग कर रहे हैं।

(सुरेश चंद्र सिन्हा)
जांच अधिकारी (आईओ)
CBC 06230/11/0001/2526

भिंड हाईवे की डीपीआर नहीं बनी तो पदयात्रा करेंगे भदौरिया

ग्वालियर। आखिर भिंड इटावा हाईवे पर आए दिन हो रहे जानलेवा हादसों पर सरकार कब ठोस कदम उठाएगी? क्या लगातार हो रही मौतों की जिम्मेदारी तय होगी? मंत्री नितिन गडकरी जब 2022 में इसका चौड़ीकरण स्वीकृत कर चुके हैं तो टोल नाके की कंपनी को फायदा पहुंचाने तीन वर्ष के लिए ठेका क्यों बढ़ा दिया गया जबकि यह टोल ठेका 2025 में खत्म हो गया था।